LIBRARY

School of Planning And Architecture ,Bhopal

S.No.48 (February 2024)

पत्रिका (Ujjain Edition) पेज नं. 02 15/02/2025

सिटी बुक 02 पत्रिका

उज्जैन, शनिवार, 15 फरवरी, 2025

एसपीए का दल करेगा उज्जैन की ट्रैफिक व्यवस्था का अध्ययन, सिंहस्थ की तैयारी में होगी मदद, संभागायुक्त ने दल के साथ बैठक की

यातायात सुधार और मंदिर दर्शन व्यवस्था पर एसपीए देगा स्मार्ट समाधान

सिटी रिपोर्टर
patrika.com

उज्जैन. स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) का एक दल उज्जैन की यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पैदल मार्ग और मंदिर दर्शन व्यवस्था का अध्ययन करने आया है। यह दल 22 फरवरी तक शहर का भ्रमण कर अध्ययन करेगा और अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगा। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में यह रिपोर्ट काफी उपयोगी साबित हो सकती है। ज्ञात रहे पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट के माध्यम से वर्तमान और सिंहस्थ के दौरान आने वाली चुनौतियों पर लगातार खबरों का प्रकाशन कर रहा है।

शुक्रवार को संभागायुक्त संजय गुप्ता ने एसपीए के विद्यार्थियों और प्रोफेसर्स के साथ बैठक की। इस दौरान कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, एडीएम कौशिक, जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा, यूडीए सीईओ संदीप सोनी भी उपस्थित रहे। संभागायुक्त ने दल को शहर के प्रमुख मार्गों, प्रमुख मंदिरों और सिंहस्थ के दौरान बनाए जाने वाले रोड नेटवर्क की जानकारी दी।

25 सदस्यीय दल करेगा विस्तृत अध्ययन- बैठक में एसपीए की प्रोफेसर शिवली मित्रा और प्रोफेसर आदित्य भंडारी ने बताया कि उनके 25 विद्यार्थी और 2 प्रोफेसर ट्रैफिक व्यवस्था, पैदल मार्ग, दिव्यांगजनों की सुविधाएं और श्रद्धालुओं के आवागमन का अध्ययन करेंगे। सर्वे के दौरान वे बाहरी श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनके अनुभव भी जानेंगे। अध्ययन के बाद प्रशासन को विस्तृत रिपोर्ट और सुझाव सौंपे जाएंगे।

मंदिरों में दर्शन प्रक्रिया पर भी देंगे सुझाव

कलेक्टर सिंह ने एसपीए दल से अनुरोध किया कि वे महाकालेश्वर, हरसिद्धि और काल भैरव मंदिरों में भीड़ प्रबंधन का अध्ययन करें और दर्शन की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सुझाव दें।

यातायात और पैदल मार्ग का सर्वेक्षण

एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि दल यातायात प्रबंधन, पैदल मार्ग और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे। दल को 6 टीमों में विभाजित किया जाएगा, जो विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन करेंगी। एसपीए की रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन शहर की यातायात और श्रद्धालु प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना सकेगा।

सकरी रोड फोरलेन बनने पर होगा अतिक्रमणमुक्त... अभी रास्ते पर ठेलों का जमघट, सड़क तक आई दुकानें

इम्पेक्ट